>

Title: Need to run Indore-Amritsar Express via Ujjain and also make provision for financial allocation in the forthcoming budget for Simhasth Mahakumbh in Ujjain.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन जिले में सिंहस्थ महाकुंभ वर्ष 2016 में होना निश्चित हुआ है। सिंहस्थ महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आने की संभावना है। महाकुंभ को सफल बनाने हेतु सरकार को अभी से काम शुरू करवाने की आवश्यकता है।

उज्जैन रेलवे स्टेशन को आदर्श स्टेशन बनाने की घोषणा पूर्व रेल बजट में हो चुकी है लेकिन काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है, कार्य अविलंब पूर्ण किया जाना चाहिए। प्रतिवर्ष अमृतसर से धार्मिक नगरी उज्जैन में लाखों श्रद्धालु आते हैं और अमृतसर से उज्जैन के लिए कोई ट्रेन नहीं है। अगर गाड़ी संख्या 19325/19326 इन्दौर-अमृतसर एक्सप्रेस को वाया उज्जैन होकर चलाया जाए तो अमृतसर का उज्जैन से सीधा जुड़ाव हो जाएगा इससे यात्रियों को काफी लाभ होगा।

मेरा आग्रह है कि महाकुंभ हेतु जो भी राशि केन्द्र को आवंटित करनी है उसको इसी आगामी बजट में शामिल किया जाए ताकि समय से सभी प्रबंध हो सके।